सं.डीएसआईआर/एमएस/2024/09

भारत सरकार

वैज्ञानिक और प्रौद्योगिकी मंत्रालय

विज्ञान एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग

(भाग- अवर्गीकृत)

विषय : मंत्रिमंडल के लिए मासिक सार (सितंबर माह 2024 हेतु)

सितंबर माह 2024 की प्रमुख उपलब्धियां

वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर)

विकसित नये उत्पाद/प्रक्रियाएं/प्रौद्योगिकियां

- सीएसआईआर-सीएलआरआई
  - दो घटक थर्मोइन्सुलेटिंग हैंडवीयर
  - सेल्यूलोज़ आधारित चमड़े जैसी शीट
- सीएसआईआर-सीएसएमसीआरआई
  - नॉन-आइसोसाइनेट आधारित पॉलीहाइड्रॉक्सीयूरेथेन मेम्ब्रैन
  - पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बंस (पीएएचएस) को हटाने के लिए सोडियम एल्गिनेट-आधारित स्थिर जीवाणु कंसोर्टियम
- सीएसआईआर-आईएचबीटी
  - मिलेट आधारित मूल्यवर्धित खाद्य उत्पादों के उत्पादन के लिए प्रक्रिया प्रौद्योगिकी
- सीएसआईआर-आईआईपी
  - बिटूमिन माडफकैशन के लिए मैलिक और ओहथैलिक एनहाइड्राइड व्युत्पन्न पॉलिएस्टर्स विकसित किए गए।
- सीएसआईआर-एनसीएल
  - निम्नांकित के लिए प्रक्रिया विकसित की गई
    - गुआनाइन (100 ग्राम स्केल) (फार्मा उद्योग में आयात प्रतिस्थापन के लिए प्रमुख प्रारंभिक सामग्रियों हेतु डीएसटी की योजना)
    - ईंधन सेल अनुप्रयोग के लिए / (कार्बन पर प्लेटिनम) उत्प्रेरक का विकास किया गया तथा 10 ग्राम पैमाने पर कई बार इसका पुनरुत्पादन किया गया। (घटक स्तर पर स्वदेशीकरण डीएसटी का ईंधन सेल कार्यक्रम)
- सीएसआईआर-एनएमएल

- कार्बराइजेशन और दोषपूर्ण वेल्ड्स-मैगरेज का पता लगाने के लिए मैग्नेटो इम्पीडेंस बेस्ड ऐरे सेसिंग डिवाइस का विकास

**लाइसेंसीकृत/हस्तांतरित प्रौद्योगिकियाँ**

- **सीएसआईआर-सीईईआरआई**
  - "एआई समर्थित क्षीर स्कैनर के लिए प्रौद्योगिकी" को मेसर्स केआर इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्रीज, जयपुर राजस्थान को हस्तांतरित की गई।
  - फेस रिकॉग्निशन अटेंडेंस सिस्टम (एफआरएस) के लिए प्रौद्योगिकी मेसर्स सुशीला मार्बल्स ( लघु उद्योग भारती) को को हस्तांतरित की गई।
  - एंडोस्कोपी अनुप्रयोग के लिए उच्च तीव्रता प्रकाश स्रोत की प्रौद्योगिकी मेसर्स डिवाइन मेडिटेक प्राइवेट लिमिटेड, उत्तर प्रदेश को हस्तांतरित की गई।
- **सीएसआईआर-सीएफटीआरआई**
  - पान फ्लेवर्ड वाटर की प्रौद्योगिकी मेसर्स ब्रुकलिन बेवरेजेज, 50, आंध्र प्रदेश को हस्तांतरित की गई
  - रवा इडली मिक्स के लिए प्रौद्योगिकी मेसर्स नरसु सारथी एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड, सेलम को हस्तांतरित की गई।
- **सीएसआईआर-सीएलआरआई**
  - चमड़े जैसी सामग्री स्यूडो-कोरियम के लिए प्रौद्योगिकी मेसर्स अविन्या लेदर प्राइवेट लिमिटेड, गुजरात को हस्तांतरित की गई।
  - शीत प्रतिरोधी हल्के वजन वाले चमड़े के निर्माण की प्रौद्योगिकी मेसर्स नासर टैनिंग कंपनी, चेन्नई को हस्तांतरित की गई।
  - अत्यधिक ठंड के मौसम से सम्बन्धित दस्ताने बनाने की प्रौद्योगिकी मेसर्स नासर बाली (दस्ताने) प्राइवेट लिमिटेड, चेन्नई को हस्तांतरित की गई।
- **सीएसआईआर-सीएसआईओ**
  - यूएवी आधारित ऑब्जेक्ट डिटेक्शन और लोकलाइजेशन के लिए प्रौद्योगिकी मेसर्स एल एंड टी लिमिटेड, मुंबई को हस्तांतरित की गई।
  - आईओटी () सक्षम वायु गुणवत्ता निगरानी प्रणाली (-) के लिए प्रौद्योगिकी मेसर्स ग्लोबल लैब एंड कंसल्टेंसी सर्विसेज एलएलपी, सेलम, तमिलनाडु को हस्तांतरित की गई।
- **सीएसआईआर-सीएसएमसीआरआई**
  - जल शुद्धिकरण और रोगाणुओं को हटाने के लिए होलो फाइबर अल्ट्रा-फिल्ट्रेशन मेम्ब्रेन की प्रौद्योगिकी मेम्ट्रिक्स टेक्नोलॉजीज एलएलपी, अहमदाबाद को हस्तांतरित की गई।
- **सीएसआईआर-आईएचबीटी**

- पौधों के लिए हाइड्रोपोनिक प्रौद्योगिकी (सलाद, पालक, केल, माइक्रोग्रीन्स, बेसिल, टमाटर) हिमालयन ब्लिस, पालमपुर को हस्तांतरित की गई।
- सूखे फूलों का उपयोग करके कलाकृतियां बनाने की प्रौद्योगिकी प्रगति सोशल डवलपमेंट इनीशिएटिव, कोलकाता को हस्तांतरित की गई।
- बड़े पैमाने पर लिलियम और ट्यूलिप बल्ब उत्पादन सहित फ्लॉरिकल्चर के कोल्ड स्टोरेज, ग्रेडिंग, छंटाई, पैकेजिंग और परिवहन पर प्रौद्योगिकी मेसर्स धरिती एग्रो फार्म प्राइवेट लिमिटेड, उत्तराखंड को हस्तांतरित की गई।

- **सीएसआईआर-आईआईसीटी**
  - 2-Cl, 5-Cl-मिथाइल थियाज़ोल (सीसीएमटी) की प्रौद्योगिकी के केमप्रो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, मुंबई को हस्तांतरित की गई।
- **सीएसआईआर-एनएएल**
  - मल्टीकॉप्टर ड्रोन के विनिर्माण और वाणिज्यीकरण के लिए प्रौद्योगिकी मेसर्स केआरआर एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड, चेन्नै को हस्तांतरित की गई।
- **सीएसआईआर-एनबीआरआई**
  - मंदिर में प्रयुक्त फूलों से शिव भभूत बनाने की प्रौद्योगिकी मेसर्स केमोल ऑर्गेनाइसिस, नई दिल्ली को हस्तांतरित की गई।
- **सीएसआईआर-सीएसएमसीआरआई**
  - क्रोमा-3: जैवउपलब्ध करक्यूमिन के लिए प्रौद्योगिकी मेसर्स कोरोमंडल इंटरनेशनल लिमिटेड, सिकंदराबाद को हस्तांतरित की गई।
- **सीएसआईआर-एनआईआईएसटी**
  - वेटिवर और नेपियर घास से चमड़े के विकल्प (वीगन लेदर) के निर्माण की प्रौद्योगिकी मेसर्स श्रीवन एस्टेट्स एलएलपी, नागपुर को हस्तांतरित की गई।
  - गेहूं और चावल के अपशिष्ट से चमड़े के विकल्प (वीगन लेदर) के निर्माण की प्रौद्योगिकी मेसर्स ग्रीनसैपियो टेक प्राइवेट लिमिटेड, हरियाणा को हस्तांतरित की गई।
- **सीएसआईआर-एनएमएल**
  - जंग लगे स्टील पर अनुप्रयोग किए जाने हेतु उपयुक्त सेल्फ- हीलिंग कोटिंग और प्राइमर की प्रौद्योगिकी एशियनॉल बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड, कोलकाता को हस्तांतरित की गई।

प्रारम्भ की गई नई परियोजनाओं की संख्या (01/09/24-30/09/24)

| प्रयोगशाला/संस्थान | सीएसआईआर | मंत्रालय/सरकार/ पीएसयू | उद्योग/प्रायोजित/ निजी |
|---|---|---|---|
| सीएसआईआर-सीडीआरआई | शून्य | 01 | शून्य |
| सीएसआईआर-सीईसीआरआई | 01 | 01 | 01 |
| सीएसआईआर-सीएफटीआरआई | 12 | 01 | शून्य |
| सीएसआईआर-सीआईएमएफआर | 01 | 07 | 15 |
| सीएसआईआर-सीएलआरआई | शून्य | 04 | 01 |
| सीएसआईआर-सीएमईआरआई | शून्य | 02 | शून्य |
| सीएसआईआर-सीआरआरआई | शून्य | 07 | 06 |
| सीएसआईआर-सीएसआईओ | शून्य | 04 | शून्य |
| सीएसआईआर- आईएचबीटी | शून्य | 01 | शून्य |
| सीएसआईआर-आईआईसीबी | 01 | शून्य | शून्य |
| सीएसआईआर-आईआईसीटी | शून्य | शून्य | 02 |
| सीएसआईआर- आईआईआईएम | शून्य | शून्य | शून्य |
| सीएसआईआर- आईआईपी | शून्य | शून्य | 05 |
| सीएसआईआर-आईआईटीआर | शून्य | शून्य | 03 |
| सीएसआईआर-एनएएल | शून्य | 04 | शून्य |
| सीएसआईआर-एनबीआरआई | शून्य | 02 | शून्य |
| सीएसआईआर- नीरी | शून्य | शून्य | 01 |
| सीएसआईआर-एनईआईएसटी | शून्य | 01 | शून्य |
| सीएसआईआर-एनजीआरआई | शून्य | शून्य | 03 |
| सीएसआईआर-एनआईआईएसटी | शून्य | 02 | 02 |
| सीएसआईआर-एनआईओ | शून्य | 21 | 19 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| सीएसआईआर-एनएमएल | 01 | शून्य | 01 |

**पीएच.डी. में प्रवेश लेने/पूरा करने वाले स्कॉलरों की संख्या (01/09/24-30/09/24)**

| प्रयोगशाला/संस्थान | पूरा करने वाले |
|---|---|
| सीएसआईआर-सीडीआरआई | 11 |
| सीएसआईआर-सीईसीआरआई | 02 |
| सीएसआईआर-सीएफटीआरआई | 02 |
| सीएसआईआर-सीएलआरआई | 01 |
| सीएसआईआर-आईजीआईबी | 02 |
| सीएसआईआर- आईएचबीटी | 02 |
| सीएसआईआर-आईआईसीबी | 04 |
| सीएसआईआर-आईआईसीटी | 07 |
| सीएसआईआर-आईआईटीआर | 02 |
| सीएसआईआर-एनईईआरआई | 03 |
| सीएसआईआर- एनईआईएसटी | 02 |
| सीएसआईआर- एनजीआरआई | 03 |
| सीएसआईआर-एनआईओ | 01 |

**हस्ताक्षरित राष्ट्रीय सहयोग/करार/समझौता ज्ञापन**

- **सीएसआईआर-सीडीआरआई**
  - बिस[3,4,6-ट्राइक्लोरो-2-(पेंटाइलऑक्सीकार्बोनिल)फेनाइल] ऑक्सेलेट (सीपीपीओ) और केएसएम-6: 3,4-डाईअमीनो-4-फ्लोरोबेंजोफेनोन के इष्टतमीकरण और संश्लेषण के लिए अर्कन इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली के साथ प्रायोजित करारों पर हस्ताक्षर किए गए।
  - सीएसआईआर-सीडीआरआई की राष्ट्रीय नेटवर्क परियोजना के लिए डीबीटी, नई दिल्ली के साथ एमओए पर हस्ताक्षर किए गए।
  - रोग-आशोधित ऑस्टियोपोरोसिस चिकित्सा के लिए स्क्लेरोस्टिन-लक्षित अणुओं की खोज और विकास हेतु ज़ाइडस लाइफसाइंसेज़ लिमिटेड, अहमदाबाद के साथ सहयोगी अनुसंधान करार पर हस्ताक्षर किए गए।
- **सीएसआईआर- सीईसीआरआई**

- सेल्फ-लिफटिंग सेल्स में द्रव गतिशीलता और अन्य भौतिक मापदंडों के इष्टतमीकरण के लिए परामर्श हेतु वैघई केमिकल इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड, कराईकल के साथ करार पर हस्ताक्षर किए गए।
- बैटरी परीक्षण, बैटरी रसायन विज्ञान में अनुसंधान सहयोग के लिए नेशनल ऑटोमोटिव टेस्ट ट्रैक्स, मध्य प्रदेश के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

- **सीएसआईआर-सीरी**
  - संस्थागत सहयोग के लिए मेसर्स केएच एक्सपोर्ट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, चेन्नै के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- **सीएसआईआर-सीएफटीआरआई**
  - बच्चों और वृद्धावस्था सम्बन्धी स्थितियों में प्रतिरक्षा बढ़ाने वाले खाद्य निर्माण (फूड फार्मूलेशन) पर अध्ययन और अनुसंधान करने हेतु लैप इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, बैंगलोर के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- **सीएसआईआर-सीमैप**
  - एफिड, *एफिस क्रैकसिवोरा कॉक* के नियंत्रण के लिए *ट्रायडिका सेबिफेरा (एल.) छोटे* पौधे के अर्क और बीज के तेल से बॉटैनिकल फार्मूलेशन हेतु सेंटर फॉर सेल्युलर एंड मॉलिक्यूलर प्लेटफॉर्म, बैंगलोर के साथ एक सहयोग करार पर हस्ताक्षर किए गए।
- **सीएसआईआर-सीआईएमएफआर**
  - खनिज क्षेत्र से संबंधित अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों के लिए आईआईटी, हैदराबाद के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- **सीएसआईआर-सीएलआरआई**
  - "ग्रीन टेनरी इनीशिएटिव: एंज़ाइमेटिक अनहायरिंग एंड सस्टेनेबल सॉलिड वेस्ट यूटिलाइज़ेशन इन इथोपियन लेदर सेक्टर" विषय पर परियोजना के क्रियान्वयन में सहयोग हेतु लेदर एंड लेदर प्रोडक्ट्स इंडस्ट्री रिसर्च एंड डवलपमेंट सेंटर (एलएलपीआईआरसी) के साथ कंसॉर्टियम करार पर हस्ताक्षर किए गए।
- **सीएसआईआर- सीएमईआरआई**
  - डाटा कलेक्शन, बेसिस इंजीनियरिंग आदि के लिए रांची नगर निगम, झारखंड के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- **सीएसआईआर-सीआरआरआई**
  - निम्नांकित के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए -
    - परस्पर हित के क्षेत्रों में शैक्षणिक और अनुसंधान सहयोग के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली (आईआईटी-दिल्ली), इंस्टिट्यूट ऑफ इंफ्रास्ट्रक्चर टेक्नोलॉजी रिसर्च एंड मैनेजमेंट (आईआईटीआरएएम), अहमदाबाद, दिनांक

मौलाना आज़ाद नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमएएनआईटी), भोपाल (मध्य प्रदेश) और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान पटना, बिहार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

- उत्तर प्रदेश शहरी अवसंरचना के ज्ञान-आधारित विकास रुचि के विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग करने के लिए अर्बन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर्स डवलपमेंट एजेंसी (यूआरआईडीए), उत्तर प्रदेश के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- सड़कों के व्यावहारिक और संरचनात्मक मूल्यांकन, निर्माण गुणवत्ता पर्यवेक्षण और इंजीनियरों एवं स्टाफ सदस्यों के प्रशिक्षण के लिए नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी), नई दिल्ली के साथ एक परियोजना आधारित करार (पीबीए) पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

- **सीएसआईआर-सीएसआईओ**
  - पारस्परिक रूप से सहमत अनुसंधान समस्याओं पर कार्य समूहों के बीच सहयोग करने के लिए आईआईटी बॉम्बे के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- **सीएसआईआर-सीएसएमसीआरआई**
  - निम्नांकित समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए-
    - बीआईआरएसी जीएपी के लिए गुजरात लाइफ साइंसेज (प्रा.) लिमिटेड, वडोदरा, गुजरात के साथ।
    - जल शोधन और रोगाणुओं के निष्कर्षण के लिए हॉलो फाइबर अल्ट्रा-फिल्ट्रेशन मेम्ब्रेन हेतु मेम्ट्रिक्स टेक्नोलॉजीज एलएलपी, अहमदाबाद के साथ।
- **सीएसआईआर-आईएचबीटी**
  - निम्नांकित के साथ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए-
    
    एससेंसियल ऑइल्स के क्षेत्र में संयुक्त सहयोग के लिए मेसर्स नेचुरल बायोटेक प्रोडक्ट्स, बग्गी, मंडी (हिमाचल प्रदेश) के साथ।
    - औषधीय एवं सुगंधित तेलों, सगंधीय तेलों, पुष्प कृषि (फ्लोरीकल्चर), टिशू कल्चर, खाद्य प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में अनुसंधान एवं विकास सहयोग के लिए रूरल टेक्नोलॉजी एंड डवलपमेंट सेंटर, पालमपुर (हिमाचल प्रदेश) के साथ।
    - किसानों की आय बढ़ाने, फसल को बाजार तक पहुंचाने और फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान को न्यूनतम करने के लिए मेसर्स धरिती एग्रो फार्म्स प्राइवेट लिमिटेड उत्तराखंड के साथ।
- **सीएसआईआर-आईआईसीटी**
  - निम्नांकित के साथ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए-
    - संश्लिष्ट और प्राकृतिक संसाधनों से तपेदिक दवा की खोज में सहयोग करने के लिए आईसीएमआर-एनआईआरटी, चेन्नै के साथ।

    - पारस्परिक हित से संबंधित मामलों पर आदान-प्रदान और सहयोग कार्यक्रम के स्थापन हेतु आईआईटी-बीएचयू, वाराणसी के साथ।
- **सीएसआईआर-आईआईटीआर**
    - लखनऊ, उत्तर प्रदेश में जैव-उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र के विकास हेतु केआईआईटी टेक्नोलॉजी बिजनेस इनक्यूबेटर (केआईआईटी टीबीआई) कलिंग इंस्टिट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी (केआईआईटी) यूनिवर्सिटी, भुवनेश्वर के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- **सीएसआईआर-एनईआईएसटी**
    - अनुसंधान शैक्षणिक सहयोग के लिए रवींद्र नाथ टैगोर यूनिवर्सिटी, होजाई के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- **सीएसआईआर-एनजीआरआई**
    - पारस्परिक हित के क्षेत्रों में अनुसंधान और प्रशिक्षण में सहयोग की संभावना तलाशने के लिए एनआईजीएसटी (सर्वे ऑफ इंडिया) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
    - 2024-26 के लिए केरल और तमिलनाडु क्षेत्रों के कुछ हिस्सों में ग्राउंड ग्रेविटी और चुंबकीय अध्ययन करने के लिए जिओलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (जीएसआई) के साथ एमओए पर हस्ताक्षर किए गए।
- **सीएसआईआर-एनआईआईएसटी**
    - टेक्सटाइल एवं सैनिटरी वियर अनुप्रयोग के लिए इन्डिजनस फाइबर आधारित यार्न की प्रौद्योगिकी के विकास हेतु लखनऊ स्थित मेसर्स ईस्ट कॉरिडोर कंसल्टेंट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ करार पर हस्ताक्षर किए गए।

**हस्ताक्षरित अंतर्राष्ट्रीय सहयोग/करार/समझौता ज्ञापन**

- **सीएसआईआर-सीडीआरआई**
    - निम्नांकित के लिए इन कोविड सपोर्ट एफज़ेडई एलएलसी, संयुक्त अरब एमिरेटस के साथ हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन
        - मलेरिया रोधी कैंडिडेट 011-1793 का लेट प्री-क्लीनिकल डवलपमेंट (पूर्व-चिकित्सीय विकास)
        - स्केलेटल मसल ऐट्रॉफी के लिए मुँह से दी जाने वाली उपलब्ध चिकित्सा के रूप में नवीन लघु अणु एडिपोनेक्टिन रिसेप्टर एगॉनिस्ट्स की खोज और विकास।
        - डेंगू के लिए लीड-ऑप्टिमाइज्ड कैंडीडेट्स का अभिनिर्धारण।

- **सीएसआईआर-एनसीएल**
    - डेयरी और पोल्ट्री पशुओं को संक्रमित करने वाले वायरल रोगजनकों के लिए पर्यावरणीय सर्वेलांस हेतु पुणे नॉलेज क्लस्टर फाउंडेशन (पीकेसीएफ) के साथ एमओए पर हस्ताक्षर किए गए, जिसे बिल और मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन द्वारा सहयोग प्रदान किया गया है।

**पेटेंटों की अद्यतन स्थिति**

| **फाइल किए गए पेटेंट** | | | **प्रदत्त पेटेंट** | | | **पेटेंट अभियोजन** | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत | विदेश* (विशिष्ट पेटेंट आवेदन) | विदेश (एकाधिक देश)* | भारत | विदेश* (विशिष्ट पेटेंट आवेदन) | विदेश (एकाधिक देश)* | भारत | विदेश* |
| 19 | 07 | 11 | 03 | 01 | 01 | 09 | 57 |
| फाइल किए गए कॉपीराइट आवेदनों की संख्या | | | | | 03 | | |
| फाइल किए गए डिज़ाइन आवेदनों की संख्या | | | | | 01 | | |
| फाइल किए गए ट्रेडमार्क आवेदनों की संख्या | | | | | 03 | | |

*यह डेटा सितंबर 2024 के दौरान आईपीयू को रिपोर्ट किया गया है और यह बाद में राष्ट्रीय चरण प्रविष्टियों के दौरान बदल सकता है। फाइल किए गए विशिष्ट पेटेंट/प्रदत्त पेटेंट आगामी माहों में भी प्रदर्शित किए जा सकते हैं यदि संबंधित माहों में इसके अनुरूप आवेदन फाइल/प्रदत्त किया गया हो।

**उच्च प्रभाव वाली विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सेवाएं**

- **सीएसआईआर-सीएमईआरआई**
    - यूनिट नं. 1 एमटीपीएस, डीवीसी का आरएलए अध्ययन
- **सीएसआईआर-सीआरआरआई**
    - जीएनआईडीए, यूपी के लिए औद्योगिक सेक्टर इकोटेक-9 की 130 मीटर सड़क का फुटपाथ डिजाइन।
    - रूरल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट उत्तर प्रदेश के लिए कौशाम्बी उत्तर प्रदेश में पीएमजीएसवाई सड़कों पर निष्पादित एफडीआर की दो सड़कों पर वियरिंग कोर्स के रूप में सीजीबीएम के मिश्रित डिजाइन और तकनीकी सलाह।

- डीबीएम और बीसी मिक्स डिजाइन में रीसाइकिल्ड प्लास्टिक का उपयोग और एनवायरो इनेबल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड नई दिल्ली के लिए अपशिष्ट प्लास्टिक प्रौद्योगिकी के कार्यान्वयन हेतु तकनीकी सलाह।
- एसके नखरो एंड संस के लिए पीएमजीवाईएस- बैच- के अंतर्गत टिज़िट से ओटिंग रोड के सीएंडएम के लिए एफडीआर हेतु जॉब मिक्स का डिज़ाइन।
- ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण उत्तर प्रदेश के लिए कसाना से भाट रोटरी तक 80 मिमी चौड़ी सड़क के मुख्य मार्ग का सुदृढ़ीकरण।
- कुछ हिस्सों (कुल लंबाई लगभग 60 किमी.) में गड्ढे के कारणों का आकलन करने तथा उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के लिए बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर आवागमन में सुधार के लिए उपचारात्मक उपाय सुझाने हेतु जांच।
- प्राज इंडस्ट्रीज लिमिटेड, पुणे के लिए बिटुमेन के स्थान पर लिग्निन का उपयोग करके निर्मित 1 किमी सर्विस रोड का मूल्यांकन।
- एनएच-27 के स्वरूपगंज पिंडवाड़ा उदयपुर खंड में 259 किमी से 264 किमी तक संकट के कारणों का आकलन करने और एनएचएआई, राजस्थान के लिए उपचारात्मक उपाय सुझाने हेतु जांच।
- एनएचएआई, यूपी के लिए एनएच-232 के रायबरेली-बांदा खंड के 194+850 किमी पर गेगासो गांव में गंगा नदी पर प्रमुख पुल का संरचनात्मक सुरक्षा ऑडिट
- जयपुर विकास प्राधिकरण के लिए जयपुर बस रैपिड ट्रांसपोर्ट सिस्टम (बीआरटी) का निष्पादन मूल्यांकन।
- अशिता रिन्यूएबल्स यूपी के लिए एसएमए अनुप्रयोग हेतु फाइबर पेलेट का विकास।
- एनएचएआई, नई दिल्ली के लिए यूईआर-II (एनएच-344एम और एनएच-344एन) के पैकेज 2 और द्वारका एक्सप्रेसवे (एनएच-248बीबी) के पैकेज 2 में सुदृढ़ फुटपाथ का तकनीकी/गुणवत्ता ऑडिट।

- **सीएसआईआर-आईआईटीआर**
  - परीछा थर्मल पॉवर प्रोजेक्ट, झांसी, उत्तर प्रदेश के लिए टेस्टिंग और मॉनीटरिंग, पर्यावरण सम्बन्धी ऑडिट रिपोर्ट तैयार करना।
- **सीएसआईआर-एनएएल**
  - उच्च वेग प्रभाव के लिए बर्ड मटीरियल कैरेक्टराइज़ेशन स्टडी - एडीए।
  - AL BSL 165, AL BSL 168, GS 249 और KEVLAR (08/333)- ADA का स्थैतिक और गतिक अभिलक्षणन।
  - युग्मित सीएसडी-सीएफडी सिमुलेशन का उपयोग करके ट्विन फिन एयरक्राफ्ट कन्फ़िगरेशन पर एरोइलास्टिक अध्ययन – एआर एण्ड डीबी।

- हाइब्रिड कार्बन और ग्लास इपॉक्सी कंपोजिट के व्यवहार में वॉरपेज और स्प्रिंग की प्रायोगिक जांच और न्यूमेरिकल सिमुलेशन - एआर एण्ड डीबी।

- **सीएसआईआर-एनसीएल**
  - अनुसंधान एवं विकास के लिए उद्योगों और शिक्षा जगत को सूक्ष्मजीवी उपभेदों और अभिनिर्धारण सम्बन्धी आपूर्ति की गई।
- **सीएसआईआर-नीरी**
  - एक परियोजना, डब्ल्यूसीएल की 11 परियोजनाएं अर्थात् धनकसा यूजी, निलजई ओसी, पैंगंगा ओसी, मुंगोली निरगुडा एक्सटेंशन डीप ओसी भटाडी ओसी, अडासा यूजी से ओसी, पौनी II ओसी के आकलन के लिए ईसी अनुपालन का आकलन।
- **सीएसआईआर-एनजीआरआई**
  - एएसआई के साथ श्री जगन्नाथ मंदिर, पुरी ओडिशा के रत्न भंडार का प्रारंभिक भूभौतिकीय सर्वेक्षण और जांच की गई।
- **सीएसआईआर-एनएमएल**
  - सीएमपीडीआई रांची के लिए कोल इंडिया के अंतर्गत कोकिंग कोल वाशरी का मॉडलिंग और सिमुलेशन विश्लेषण।

**आउटरीच गतिविधियाँ**

- **सीएसआईआर-4पीआई**
  - दिनांक 26/09/2024 को ओपन डे का आयोजन किया गया।
- **सीएसआईआर-सीईसीआरआई**
  - निम्नांकित पर कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया -
    - दिनांक 02-06/09/2024 के दौरान विश्लेषणात्मक उपकरणों का संचालन और रखरखाव सम्बन्धी कार्यक्रम का आयोजन किया गया; इसमें 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
    - दिनांक 09-13/09/2024 के दौरान इलेक्ट्रोप्लेटिंग और मेटल फिनिशिंग पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया; इसमें 34 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
  - दिनांक 26/09/2024 को ओपन डे का आयोजन किया गया; इसमें 5258 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- **सीएसआईआर-सीरी**
  - दिनांक 06,10,12-13/09/2024 को पीएम श्री जेएनवी काजरा, झुंझुनू (राजस्थान) में आयोजित लैब विजिट; इसमें 307 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
  - दिनांक 26/09/2024 को ओपन डे का आयोजन किया गया; इसमें 420 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

- **सीएसआईआर-सीएफटीआरआई**
    - दिनांक 03/09/2024 को न्यूट्रिशन एंड न्यूट्रास्युटिकल पर क्विज़ प्रोग्राम आयोजित किया गया; इसमें 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
    - दिनांक 26/09/2024 को ओपन डे का आयोजन किया गया; इसमें 400 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
    - निम्नांकित पर कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया -
        - दिनांक 02-04/09/2024 के दौरान केले के मूल्य संवर्धन (वेल्यू एडीशन) से सम्बन्धित; इसमें 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
        - 09-13/09/2024 के दौरान मसाले प्रसंस्करण; 20 प्रतिभागी।
        - 09-13/09/2024 के दौरान स्वास्थ्य और कल्याण हेतु अनाज प्रक्रिया एवं उत्पाद; 07 प्रतिभागी।
        - 10-13/09/2024 के दौरान माइक्रोबियल विश्लेषण में व्यावहारिक प्रशिक्षण; 03 प्रतिभागी।
        - 18-20/09/2024 के दौरान खाद्य वसा और तेलों का निष्कर्षण तथा गुणवत्ता आश्वासन; 23 प्रतिभागी।
        - 23-25/09/2024 के दौरान इमली प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन; 44 प्रतिभागी।
- **सीएसआईआर-सीजीसीआरआई**
    - निम्न पर कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजित किए गए
        - 12.13/09/2024 के दौरान टेराकोटा प्रसंस्करण; 36 प्रतिभागी।
        - ग्लास, सिरेमिक और संबद्ध नमूनों के अभिलक्षणन तथा क्लासिकल विश्लेषण की वाद्य विधियाँ 12-13/09/2024; 27 प्रतिभागी।
    - 18/09/2024 को ग्लास सिरेमिक और पानी के नमूनों के रासायनिक विश्लेषण पर कार्यशाला आयोजित की; 26 प्रतिभागी।
    - 26/09/2024 को छात्र-वैज्ञानिक संपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया; 153 प्रतिभागी।
- **सीएसआईआर-सीमैप**
    - निम्न पर कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए
        - 03/09/2024 को केवीके-, हरदोई (यूपी) में अगरबत्ती और सुगंधित शंकु बनाने के लिए भेंट किए गए फूलों का उपयोग; 30 प्रतिभागी।
        - 23-27/09/2024 को औषधीय एवं सगंध पौधों पर आधारित चिकित्सापूर्व विकास; 27 प्रतिभागी।
- **सीएसआईआर-सीआईएमएफआर**

    - मानव, पशु और पर्यावरणीय स्वास्थ्य के बीच महत्वपूर्ण संबंधों पर "वन हेल्थ" अभियान का आयोजन किया गया।
        - दिनांक 23/09/2024 को उत्क्रमित उच्छ विद्यालय, धनबाद; 56 प्रतिभागी।
        - दिनांक 23/09/2024 को एकलव्य माध्यमिक विद्यालय, सोहराज, धनबाद; 63 प्रतिभागी।
        - दिनांक 20/09/2024 को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, धनबाद; 52 प्रतिभागी
    - 03-05/09/2024 के दौरान डेटा साइंस, एआई/एमएल पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया; 20 प्रतिभागी।
- **सीएसआईआर-सीएलआरआई**
    - निम्नलिखित लैब विजिट का आयोजन किया गया
        - दिनांक 11/09/2024 को केन्द्रीय विद्यालय, सीआरपीएफ अवदी, चेन्नई; 50 प्रतिभागी।
        - दिनांक 20/09/2024 को वीआईटी भोपाल, मध्य प्रदेश; 150 प्रतिभागी।
        - दिनांक 23/09/2024 को थिवनाअम्मल कॉलेज फॉर विमेन, और लक्ष्मी बंगारू आर्ट्स एंड साइंस कॉलेज, तमिलनाडु; 183 प्रतिभागी।
        - दिनांक 24/09/2024 को ग्रीनफील्ड चेन्नई इंटरनेशनल स्कूल, डीकेएम कॉलेज फॉर वूमेन, हिंदू कॉलेज, पेरी कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड साइंस, और आसन मेमोरियल कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड साइंस; 309 प्रतिभागी।
    - 24-26/09/2024 को बीएम बिरला प्लेनेटेरियम, चेन्नई में चेन्नई विज्ञान महोत्सव में भाग लिया।
    - दिनांक 26/09/2024 को ओपन डे का आयोजन किया गया; 775 प्रतिभागी।
- **सीएसआईआर-सीएमईआरआई**
    - निम्न पर कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए
        - 02-27/09/2024 के दौरान कृषि मशीनरी और उपकरणों के प्रदर्शन मूल्यांकन के लिए वैज्ञानिक उपकरण का उपयोग।
        - 17-21/09/2024 के दौरान ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने के लिए लघु पवन टर्बाइनों का डिजाइन और विनिर्माण।
        - सौर ऊर्जा एवं इसके अनुप्रयोग पर दिनांक 09,10,11 एवं 13/09/2024 को क्रमशः 392, 468, 297 एवं 220 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
    - निम्नवत हेतु लैब विजिट का आयोजन किया गया
        - 27/09/2024 को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा प्रशिक्षण और अधिगम परिषद-संकाय विकास कार्यक्रम।

        - आर्मी पब्लिक स्कूल पानागढ़, पश्चिम बंगाल, दिनांक 30/09/24; 100 प्रतिभागी।
- **सीएसआईआर-सीआरआरआई**
    - निम्नवत हेतु लैब विजिट का आयोजन किया गया
        - 06 एवं 30/09/2024 को केन्द्रीय विद्यालय; 513 प्रतिभागी।
        - अरावली कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, फरीदाबाद, और सीएसई विभाग, राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, गाजियाबाद; 120 प्रतिभागी।
- **सीएसआईआर-सीएसआईओ**
    - निम्न पर कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजित किए गए
        - 02-06/09/2024 के दौरान स्पेक्ट्रोस्कोपी और क्रोमैटोग्राफी तकनीक; 26 प्रतिभागी।
        - औद्योगिक स्वचालन तकनीक; 34 प्रतिभागी।
        - ड्रोन प्रौद्योगिकियां एवं अनुप्रयोग; 59 प्रतिभागी।
        - मेडिकल 3-डी प्रिंटिंग में ट्रांजिशनल रिसर्च।
- **सीएसआईआर-सीएसएमसीआरआई**
    - दिनांक 26/09/2024 को स्कूल भ्रमण का आयोजन किया गया; 479 प्रतिभागी।
    - 11-13/09/2024 और 18-20/09/2024 के दौरान समुद्री शैवाल की खेती पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया; क्रमशः 28 और 37 प्रतिभागी।
- **सीएसआईआर-आईएचबीटी**
    - प्राकृतिक संसाधन संस्थान (आईएनआर), शिलांग , मेघालय के सहयोग से सगंध फसलों की कृषि और प्रक्रिया प्रौद्योगिकी पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया; 40 प्रतिभागी।
    - दिनांक 17/09/2024 को डीवाई पाटिल इंटरनेशनल स्कूल, कांगड़ा (हिमाचल प्रदेश) में लैब विजिट का आयोजन किया गया; 28 प्रतिभागी।
    - दिनांक 17/09/2024-11/11/2024 के दौरान प्लांट टिशू कल्चर तकनीशियन पर कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, 02 प्रतिभागी।
- **सीएसआईआर-आईआईसीबी**
    - दिनांक 26/09/2024 को ओपन डे का आयोजन किया गया।
    - 02-13/09/2024 के दौरान विभिन्न विशिष्ट वैज्ञानिक तकनीकों पर कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया; 91 प्रतिभागी।
    - 20-21/09/2024 को पीओएसएच जागरूकता और केंद्रीय सिविल सेवा (आचरण) पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- **सीएसआईआर-आईआईसीटी**

- 02-13/09/2024 के दौरान ऑर्गेनाइजेशन ऑव केमिकल वेपन्स (ओपीसीडब्ल्यू), नीदरलैंड द्वारा प्रायोजित कौशल विकास पाठ्यक्रम (एएसडीसी) -2024 का आयोजन किया गया; विभिन्न देशों से 20 प्रतिभागी।

- **सीएसआईआर-आईआईपी**
  - निम्नवत हेतु में लैब विजिट का आयोजन किया गया
    - दिनांक 26/09/2024 को सेपियंस स्कूल, हरबर्टपुर , देहरादून।
    - दिनांक 05/03/2024 को डीआईटी, देहरादून; 20 प्रतिभागी।
  - 17-27/09/2024 के दौरान क्रोमैटोग्राफी और मास-स्पेक्ट्रोमेट्री का उपयोग करके विश्लेषण संबंधी कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।
  - 18-20/09/2024 के दौरान आईआईसीटी, हैदराबाद में आयोजित "ऊर्जा, पर्यावरण और स्थिरता के लिए उत्प्रेरक (सीईईएस-2024)" पर राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया।
  - सीएसआईआर विषयगत प्रदर्शनी एनएएससी कन्वेंशन सेंटर, पूसा , नई दिल्ली और 27-29/09/2024 को राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र, नई दिल्ली में भाग लिया
- **सीएसआईआर-आईआईटीआर**
  - 04-06/09/2024 के दौरान विज्ञान और नवाचार पर व्यावहारिक कार्यक्रम आयोजित किया गया; 1700 प्रतिभागी।
- **सीएसआईआर-एनबीआरआई**
  - दिनांक 26/09/2024 को ओपन डे का आयोजन किया गया; 1200 प्रतिभागी।
  - 11-13/09/2024 के दौरान जैविक खेती पर कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया; 21 प्रतिभागी।
- **सीएसआईआर-नीरी**
  - निम्न पर कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया
    - 03-04/09/2024 के दौरान ऊर्जा, पर्यावरण और संसाधन: निगरानी, नियंत्रण और प्रबंधन विकल्प।
    - 10-12/09/2024 के दौरान एम्प्लीकॉन डेटा विश्लेषण के माध्यम से माइक्रोबियल विविधता मूल्यांकन।
    - 24-26/09/2024 के दौरान अपशिष्ट जल उपचार संयंत्रों का कुशल संचालन, रखरखाव, प्रदर्शन और डिजाइन।
- **सीएसआईआर-एनईआईएसटी**
  - दिनांक 01/09/2024 और 20/09/2024 को छात्र-वैज्ञानिक संपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया; क्रमशः 80 और 24 प्रतिभागी।
- **सीएसआईआर-एनजीआरआई**
  - 26/09/2024 को ओपन डे का आयोजन किया गया; 1200 प्रतिभागी।

- **सीएसआईआर-एनआईआईएसटी**
    - निम्न पर कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया
        - दिनांक 23-27/09/2024 के दौरान पर्यावरण प्रभाव आकलन और प्रबंधन में रिमोट सेंसिंग और भौगोलिक सूचना प्रणाली अनुप्रयोग।
        - दिनांक 27/09/2024 को उन्नत जैव प्रसंस्करण में एआई का अनुप्रयोग।
- **सीएसआईआर-एनएमएल**
    - निम्न पर कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया
        - दिनांक 06/08/2024-26/09/2024 के दौरान अभिलक्षणन और सज्जीकरण; 12 प्रतिभागी।
        - दिनांक 26/08/2024-26/09/2024 के दौरान मटीरियल्स इंजीनियरिंग; 12 प्रतिभागी।
        - दिनांक 26/08/2024-26/09/2024 के दौरान धातु निष्कर्षण और पुनर्चक्रण; 13 प्रतिभागी।
        - दिनांक 26/08/2024-26/09/2024 के दौरान उन्नत सामग्री और संक्षारण; 12 प्रतिभागी।
        - दिनांक 02-11/09/2024 को सामग्री और धातुकर्म प्रक्रिया पर एक्सपोजर प्रशिक्षण; क्रमशः 50 और 47 प्रतिभागी।
    - दिनांक 26/09/2024 को सेंट मैरीज़ इंग्लिश हाई स्कूल के लिए प्रयोगशाला दौरा आयोजित किया; 151 प्रतिभागी।
- **सीएसआईआर-एनआईओ**
    - दिनांक 17/09/2024-01/10/2024 के दौरान हिंद महासागर के देशों के नौसेना अधिकारियों के लिए लॉन्ग हाइड्रोग्राफी (लॉन्ग 'एच') विशेषज्ञता पाठ्यक्रम आयोजित किया गया।

**सम्मेलन, कार्यशालाएं, प्रमुख कार्यक्रम**

- **सीएसआईआर मुख्यालय**
    - सीएसआईआर ने निम्न में भाग लिया
        - 17-20/09/2024 के दौरान प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित 8वां भारत जल सप्ताह।
        - 19-22/09/2024 के दौरान भारत मंडपम , नई दिल्ली में विश्व खाद्य भारत (डब्ल्यूएफआई) 2024।
        - 02-04/09/2024 के दौरान यशोभूमि - इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर, द्वारका , दिल्ली में इंडिया बायो-एनर्जी एंड टेक एक्सपो।

    - 04-06/09/2024 के दौरान बॉम्बे प्रदर्शनी केंद्र, मुंबई में एमईटी और एचटीएस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन और प्रदर्शनियां।
    - दिनांक 26/09/2024 को एनएएससी कॉम्प्लेक्स, पूसा रोड, नई दिल्ली में सीएसआईआर विषयगत प्रदर्शनी।
    - 27-09/09/2024 को राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र, नई दिल्ली में सीएसआईआर वन वीक वन थीम प्रदर्शनी।
    - दिनांक 27/09/2024 को राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र, दिल्ली में सीएसआईआर-सीसीएमबी, हैदराबाद के निदेशक डॉ विनय के. नंदीकूरी द्वारा रोगाणुओं का फैलना: एंटी-माइक्रोबियल प्रतिरोध को समझना विषय पर व्याख्यान आयोजित किया।
    - दिनांक 18/09/2024 और 20/09/2024 को क्रमशः श्री आर.एस.मणि प्रतिष्ठित वैज्ञानिक (आईसीटी), सीएसआईआर मुख्यालय द्वारा 'साइबर सुरक्षा' और' डेटा संरक्षण और डेटा गोपनीयता' पर व्याख्यान आयोजित किया।

- **सीएसआईआर-4पीआई**
    - दिनांक 14/09/02024-02/10/2024 के दौरान 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान आयोजित किया।
    - आकाश में भूकंपीय ध्वनियाँ: आयनोस्फेरिक अनॉमलीस के माध्यम से भूकंप और सुनामी का पता लगाना विषय पर वेबिनार श्रृंखला आयोजित की।
    - हिंदी सप्ताह 2024 का आयोजन किया गया
- **सीएसआईआर-सीरी**
    - दिनांक 17/09/2024 को लघु उद्योग भारती और एमएसएमई प्रतिनिधि के साथ एक उद्योग बैठक आयोजित की गई।
- **सीएसआईआर-सीआईएमएफआर**
    - 02-09/09/2024 के दौरान हिंदी सप्ताह 2024 आयोजित किया गया।
- **सीएसआईआर-सीएलआरआई**
    - दिनांक 04/09/2024 को ओडब्ल्यूओटी-सीआईई (सिविल इन्फ्रास्ट्रक्चर और इंजीनियरिंग) थीम अभियान आयोजित किया गया।
- **सीएसआईआर-सीआरआरआई**
    - 02-06/09/2024 को ओडब्ल्यूओटी-सीआईई (सिविल इन्फ्रास्ट्रक्चर और इंजीनियरिंग) थीम अभियान आयोजित किया गया।
    - दिनांक 23/09/2024 को सड़क अवसंरचना के रखरखाव के लिए नेटवर्क सर्वेक्षण वाहन अनुप्रयोगों (एनएसवी-एएमआरआई-2024) पर कार्यशाला आयोजित की गई।
- **सीएसआईआर-सीएसएमसीआरआई**

- दिनांक 20/09/2024 को बौद्धिक संपदा अधिकार: अवलोकन और महत्व पर वेबिनार आयोजित किया गया।

- **सीएसआईआर-आईजीआईबी**
    - दिनांक 30/09/2024 को ओपन डे का आयोजन किया गया।
    - दिनांक 20/09/2024 को एसीएसआईआर-आईजीआईबी विज्ञान महोत्सव मनाया गया।
    - दिनांक 26/09/2024 को 83वां सीएसआईआर स्थापना दिवस मनाया गया।
- **सीएसआईआर-आईएचबीटी**
    - दिनांक 13/09/2024 को एक दिवसीय किसानोन्मुखी कार्यशाला और बीज वितरण कार्यक्रम; 60 प्रतिभागी।
    - सस्टैनबल सुगंध खेती: उद्योग, किसान और शिक्षाविदों की बैठक; 100 प्रतिभागी।
    - हिमालय दिवस (09/09/2024) पर हिमालय अनुसंधान समूह (एचआरजी), शिमला के निदेशक डॉ. लाल सिंह द्वारा हिमालयों को संधारणीय बनाना: एक लचीले भविष्य के लिए नवाचार और मार्ग विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।
    - राष्ट्रीय फार्माकोविजिलेंस सप्ताह (18/09/2024) पर रोगी सुरक्षा के लिए एडीआर रिपोर्टिंग संस्कृति के निर्माण पर वेबिनार आयोजित की।
    - दिनांक 18/09/2024 को 'एक पेड़ मां के नाम' नामक वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया और 19/09/02024 के दौरान' स्वच्छता ही सेवा' अभियान आयोजित किया गया।
    - दिनांक 05/09/2024 को शिक्षक दिवस मनाने के लिए विज्ञान, समाज और स्थिरता पर छात्र संगोष्ठी श्रृंखला आयोजित की गई।
- **सीएसआईआर-आईआईसीबी**
    - 23-28/09/2024 के दौरान जीनोम सूचना विज्ञान और एनोटेशन कार्यशाला/जम्बोरी 2024 पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।
    - दिनांक 30/09/2024 को 83वां सीएसआईआर स्थापना दिवस मनाया गया
    - दिनांक 27/09/2024 को आईआईएससी, बैंगलोर के प्रो. एस. नाराजन द्वारा कोलोकिउम रिसर्च टॉक आयोजित की।
    - दिनांक 24-27/09/2024 के दौरान हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया गया।
    - 14/09/02024-01/10/2024 के दौरान 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान आयोजित किया गया।
- **सीएसआईआर-आईआईसीटी**
    - 28/09/2024 को गुजरात साइंस सिटी (जीएससी) में ओडब्ल्यूओटी-सीएलपी (रसायन (चमड़ा सहित) और पेट्रोकेमिकल्स) में भाग लिया।

- **सीएसआईआर-आईआईटीआर**
    - दिनांक 06/09/2024 को कॉमेट अससे पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- **सीएसआईआर-एनएएल**
    - दिनांक 26.9.2024 को विश्व रेबीज दिवस
    - दिनांक 30/09/2024 को 83वां सीएसआईआर स्थापना दिवस मनाया गया।
- **सीएसआईआर-एनईआईएसटी**
    - दिनांक 14-23/09/2024 के दौरान हिन्दी सप्ताह का आयोजन किया गया।
    - दिनांक 21/09/2024 को 'एक पेड़ मां के नाम' नामक वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया।
- **सीएसआईआर-एनआईआईएसटी**
    - 27/09/2024 को उन्नत बायोप्रोसेसिंग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का अनुप्रयोग संबंधी वेबिनार आयोजित किया गया।

**उच्चस्तरीय गणमान्य व्यक्तियों का दौरा**

- **सीएसआईआर-सीएलआरआई**
    - भारत-जर्मन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केंद्र (आईजीएसटीसी) के प्रतिनिधिमंडल ने आईजीएसटीसी के निदेशक श्री आर. मधान और जर्मन संघीय शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्रालय (बीएमबीएफ) के "एशिया और ओशिनिया के साथ सहयोग" प्रभाग की प्रमुख सुश्री कैथरीन मेयर के नेतृत्व में 13/09/2024 को वैश्विक परिदृश्य का अवलोकन करने और भारतीय चमड़ा क्षेत्र को आकार देने के लिए दौरा किया।
- **सीएसआईआर-सीआरआरआई**
    - 30/09/2024 को 83वें सीएसआईआर स्थापना दिवस समारोह के लिए श्री धर्मानंद सारंगी, महानिदेशक (आरडी) और एसएस, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार ने दौरा किया।
- **सीएसआईआर-आईआईसीटी**
    - सुश्री इंद्रा मल्लो, आईएएस, संयुक्त सचिव और नेशनल अथॉरिटी फॉर केमिकल वेपन्स कन्वेंशन नई दिल्ली के विभागाध्यक्ष, और श्री मुखमीत सिंह भाटिया, आईएएस, नेशनल अथॉरिटी फॉर केमिकल वेपन्स कन्वेंशन (एनएसीडब्ल्यूसी) के अध्यक्ष ने क्रमशः 02/09/2024 और 13/09/2024 को विश्लेषणात्मक कौशल विकास पाठ्यक्रम (एएसडीसी) -2024 के उद्घाटन और समापन समारोह के लिए मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।
- **सीएसआईआर-आईआईपी**

- दिनांक 31/08/2024 को भारत के माननीय उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़, उनकी पत्नी डॉ. (श्रीमती) सुदेश धनखड़ और माननीय राज्यपाल उत्तराखंड, लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह ने दौरा किया।

- **सीएसआईआर-आईआईटीआर**
    - पद्मश्री डॉ. विद्या विन्दु सिंह, डॉ रवि कुमार सिंह, आईएफएस, वन संरक्षक (वाराणसी, उत्तर प्रदेश) ने 27/09/2024 को दौरा किया।

सम्मान/पुरस्कार

- **सीएसआईआर-सीईसीआरआई**
    - सभी सीएसआईआर प्रयोगशालाओं के बीच ऊर्जा संरक्षण और ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने की दिशा में उत्कृष्ट नवाचार, समर्पण और योगदान के लिए द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
    - डॉ. राजशेखरन को 2024 का एनएम संपत पुरस्कार मिला।
    - डॉ. राकेश बारिक को ईसीएसआई द्वारा वर्ष 2024 के लिए श्री एसके शेषाद्रि मेमोरियल मस्कट राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया गया।
- **सीएसआईआर-सीरी**
    - सीएसआईआर-सीरी, पिलानी, राजस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक श्री चिराग प्रकाशचंद्र मिस्त्री 18/09/2024 को प्रतिष्ठित 'आईईआई यंग इंजीनियर्स अवार्ड 2024-25' से सम्मानित किया गया
- **सीएसआईआर-सीएसएमसीआरआई**
    - सभी सीएसआईआर प्रयोगशालाओं के बीच ऊर्जा संरक्षण और ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने की दिशा में उत्कृष्ट नवाचार, समर्पण और योगदान के लिए तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया।
    - राजभाषा नीति के सर्वश्रेष्ठ कार्यान्वयन के लिए वर्ष 2023-24 के लिए राजभाषा कीर्ति पुरस्कर से सम्मानित किया गया। निदेशक डॉ कन्नन श्री निवासन ने 14/09/2024 को भारत मंडपम, नई दिल्ली में हिन्दी दिवस कार्यक्रम में इस पुरस्कार को ग्रहण किया।
- **सीएसआईआर-आईआईसीटी**
    - डॉ. विनीत अनिया, वरिष्ठ वैज्ञानिक, रासायनिक अभियांत्रिकी एवं प्रक्रम प्रौद्योगिकी (सीई एण्ड पीटी) विभाग को केमिकल इंजीनियरिंग क्षेत्र में वर्ष 2024 के लिए भारतीय राष्ट्रीय इंजीनियरिंग अकादमी आईएनएई यंग एसोसिएट के रूप में चुना गया है।
- **सीएसआईआर-एनबीआरआई**

- डॉ निदेशक अजीत कुमार शासनी को आईएनएसए फेलोशिप (एफएनए) के लिए चुना गया है।

<u>विभागीय गतिविधियाँ</u>

डीएसआईआर, कॉर्पोरेट कंपनियों, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान संगठनों (एसआईआरओ) द्वारा स्थापित इन-हाउस आरएंडडी इकाइयों को मान्यता देने और अस्पतालों के अलावा विश्वविद्यालयों, आईआईटी, आईआईएससी, क्षेत्रीय इंजीनियरिंग कॉलेज (आरईसी) जैसे सार्वजनिक वित्त पोषित अनुसंधान संस्थानों को पंजीकरण देने वाला एक नोडल विभाग है। डीएसआईआर द्वारा मान्यता प्राप्त आरएंडडी इकाइयां उद्योग द्वारा आरएंडडी व्यय पर सीमा शुल्क और भारित कर कटौती के लिए पात्र हैं।

<u>औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास संवर्धन कार्यक्रम (आईआरडीपीपी)</u>

**उद्योग में इन-हाउस आरएंडडी की मान्यता/पंजीकरण और नवीनीकरण**

- उद्योगों की 16 आंतरिक अनुसंधान एवं विकास इकाइयों को मान्यता प्रदान की गई तथा 16 को पंजीकरण प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।
- उद्योगों की 57 आंतरिक अनुसंधान एवं विकास इकाइयों को मान्यता का नवीकरण प्रदान किया गया तथा 57 को पंजीकरण प्रमाणपत्र का नवीकरण प्रदान किया गया।

**सार्वजनिक वित्तपोषित अनुसंधान संस्थान (पीएफआरआई)**

- 32 पीएफआरआई को पंजीकरण प्रमाणपत्र का नवीकरण प्रदान किया गया

**आईटी अधिनियम 1961 की धारा 35(2एबी) के तहत वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए राजकोषीय प्रोत्साहन**

- उद्योगों की 9 आंतरिक अनुसंधान एवं विकास इकाइयों को अनुमोदन प्रदान किया गया तथा उद्योगों की 3 आंतरिक अनुसंधान एवं विकास इकाइयों को आईटी अधिनियम 1961 की धारा 35(2एबी) के तहत फॉर्म 3 सीएम में अनुमोदन का विस्तार प्रदान किया गया।
- फॉर्म 3 सीएल में 12 रिपोर्टें, जो 1867.94 करोड़ रुपये के अनुसंधान एवं विकास व्यय को प्रमाणित करती हैं। आयकर अधिनियम 1961 की धारा 35(2एबी) के तहत लाभ के लिए सीसीआईटी (ई) को जारी किए गए थे।

**डीएसआईआर केंद्रीय क्षेत्र योजना 'औद्योगिक अनुसंधान और विकास (आईआरडी)'** में चार उप-योजनाएं शामिल हैं (i) व्यक्तियों, स्टार्ट-अप्स और एमएसएमई (पीआरआईएसएम) में नवाचारों को बढ़ावा देना, जिसमें स्वतंत्र नवप्रवर्तकों को नवीन विचारों को प्रदर्शन योग्य कार्यशील मॉडल/प्रोटोटाइप/प्रक्रियाओं में परिवर्तित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, जो नए

या बेहतर उत्पादों, प्रक्रियाओं या सेवाओं का रूप ले सकते हैं; और उन्हें इनक्यूबेटी /टेक्नो-उद्यमी बनने में सहायता प्रदान की जाएगी, (ii) पेटेंट अधिग्रहण और सहयोगात्मक अनुसंधान और प्रौद्योगिकी विकास (पीएसीई), जिसमें नवीन प्रौद्योगिकियों के विकास और प्रदर्शन के लिए उद्योगों और संस्थानों को सहायता प्रदान की जाएगी, (iii) औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास और सामान्य अनुसंधान सुविधाएं (बर्ड) का निर्माण, जिसमें उद्यमियों और उद्योगों द्वारा उपयोग के लिए सामान्य अनुसंधान और प्रौद्योगिकी विकास केंद्रों (सीआरटीडीएच) के निर्माण के लिए सहायता प्रदान की जाएगी और (iv) प्रौद्योगिकी विकास और प्रसार के लिए ज्ञान तक पहुंच (ए2के+) जिसमें औद्योगिक अनुसंधान के उभरते क्षेत्रों में अध्ययन और सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे, इसके अलावा महिलाओं के लिए प्रौद्योगिकी विकास और उपयोग कार्यक्रम (टीडीयूपीडब्ल्यू) शुरू किया जाएगा।

**व्यक्तियों, स्टार्ट-अप्स और एमएसएमई में नवाचारों को बढ़ावा देना (प्रिज्म)**

"आंख के पिछले हिस्से में चिकित्सा की लक्षित डिलीवरी के लिए सुई युक्त उपकरण पॉलिमर माइक्रो के विकास" और "रक्त शर्करा के स्तर की जांच के लिए उपयोग किए जाने वाले लार से ग्लूकोज के सटीक माप के लिए एक दर्द रहित किफायती और स्व-उपयोग ग्लूकोमीटर" पर दो नवाचार परियोजनाओं का इस अवधि के दौरान समीक्षा की गई।

**सीआरटीडीएच योजना:**

सीएसआईआर-राष्ट्रीय रासायनिक प्रयोगशाला, पुणे, आईआईटी-भिलाई, आईआईटी-खड़गपुर और एनआईपीईआर-मोहाली द्वारा शुरू की जा रही सीआरटीडीएच परियोजनाओं की समीक्षा की गई। कार्यान्वयन एजेंसियां नई सामग्री/रासायनिक प्रक्रिया और किफायती स्वास्थ्य सेवा क्षेत्रों पर काम कर रही हैं।

**ए2के+ अध्ययन योजना:**

डीएसआईआर ने एफआईटीटी, आईआईटी दिल्ली के साथ मिलकर 19 सितंबर , 2024 को रिसर्च एंड इनोवेशन पार्क, आईआईटी दिल्ली में "ए2के+ नॉलेज इंटीग्रेशन मीट" का आयोजन किया। "भारत में शिक्षा जगत, शोध प्रयोगशालाओं और उद्योग में विकसित टीआरएल-6 और उससे ऊपर की तकनीकों के तकनीकी-व्यावसायिक मूल्यांकन" पर हमारे अध्ययनों का अनावरण इस कार्यक्रम के दौरान किया गया, जिसमें 4 प्रौद्योगिकी क्षेत्रों- खाद्य प्रसंस्करण और कृषि; सामग्री और विनिर्माण; इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार और विनिर्माण; स्वास्थ्य सेवा, रसायन और फार्मास्युटिकल में 500 से अधिक टीआरएल 6+ तकनीकों को शामिल किया गया। ये अध्ययन व्यावसायीकरण चुनौतियों, नीति रोडमैप के साथ-

साथ प्रौद्योगिकी व्यावसायीकरण के माध्यम से नवाचार और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए कार्रवाई योग्य रणनीतियों पर प्रकाश डालते हैं।

**महिलाओं के लिए प्रौद्योगिकी विकास और उपयोग कार्यक्रम – टीडीयूपीडब्ल्यू / ए2के+:**

माह के दौरान निम्नलिखित तीन टीडीयूपीडब्ल्यू परियोजनाओं की समीक्षा की गई:

i. साईं ग्रामीण विकास संस्थान, वाराणसी द्वारा "वाराणसी जिले में महिलाओं के लिए पारंपरिक कला/शिल्प के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के अवसरों को बढ़ावा देना" परियोजना शुरू की गई ।

ii. "पर्यावरण संरक्षण के लिए पुनर्चक्रण" परियोजना, बिरला प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान, पिलानी द्वारा शुरू की गई।

iii. "कौशल उपग्रह केंद्र" परियोजना, पीएसजीआर कृष्णम्मल महिला कॉलेज पीलामेडु, कोयंबटूर द्वारा शुरू की गई।

प्रौद्योगिकी के उपयोग और प्रसार के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से चल रही विभिन्न टीडीयूपीडब्ल्यू परियोजनाओं के अंतर्गत 177 महिला लाभार्थियों को प्रशिक्षित किया गया है।

**एशिया प्रशांत प्रौद्योगिकी हस्तांतरण केंद्र (एपीसीटीटी)**

24 से 26 सितंबर, 2024 तक राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर (एनएएससी), नई दिल्ली में प्रौद्योगिकी और नवाचार कॉन्क्लेव 1.0 का आयोजन किया। कॉन्क्लेव में एशिया-प्रशांत क्षेत्र में ऊर्जा भंडारण और हरित हाइड्रोजन से संबंधित संभावित और नवीन तकनीकों पर गहन चर्चा की परिकल्पना की गई और देशों के लिए विकास, चुनौतियों और अवसरों पर ज्ञान, अच्छे अभ्यास और सबक साझा किए गए। इसने भारत सहित एशिया-प्रशांत क्षेत्र के सदस्य देशों के स्टार्ट-अप और युवा नवप्रवर्तकों को ऊर्जा भंडारण और हरित हाइड्रोजन के क्षेत्र में अपनी नवीन तकनीकों का प्रदर्शन करने के लिए एक मंच भी प्रदान किया, जिसका उद्देश्य सीमा पार नवाचारों, प्रौद्योगिकी सहयोग और हस्तांतरण को बढ़ावा देना था।

सम्मेलन के विषय हमारे माननीय प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण और भारत सरकार की ऊर्जा भंडारण और हरित हाइड्रोजन उत्पादन नीति के अनुरूप थे। सम्मेलन ने एशिया-प्रशांत क्षेत्र में विकसित ज्ञान और नवाचार को साझा करने का अवसर प्रदान किया ।

सम्मेलन का उद्घाटन डीएसआईआर के सचिव और सीएसआईआर के महानिदेशक डॉ. एन. कलैसेलवी ने किया और मुख्य भाषण डेयर के सचिव और आईसीएआर के महानिदेशक डॉ. हिमांशु पाठक ने दिया।

इस सम्मेलन में लगभग 10 देशों के 20 अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें प्रत्येक प्रतिभागी देश से एक नीति निर्माता और एक नवप्रवर्तक शामिल थे। प्रदर्शनी में 10 देशों और भारत के नवप्रवर्तकों ने अपने नवप्रवर्तनों का प्रदर्शन किया।

**स्वच्छता ही सेवा अभियान**

भारत सरकार के स्वच्छ भारत के दृष्टिकोण को आत्मसात करने के लिए, डीएसआईआर ने सीएसआईआर, एनआरडीसी और सीईएल के साथ मिलकर 17 सितंबर, 2024 से 2 अक्टूबर, 2024 तक स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 का शुभारंभ किया। अभियान की गतिविधियों में "सफाई मित्र सुरक्षा शिविर", स्कूल/कॉलेजों में व्याख्यान, परिसर की सफाई, समुदाय-स्वच्छता संवाद में जागरूकता अभियान और कार्यालय परिसर के अंदर और बाहर वृक्षारोपण शामिल हैं।

## सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम

### सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (सीईएल)

सीईएल, डीएसआईआर के तहत एक उद्यम है जिसका उद्देश्य देश में राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं और अनुसंधान एवं विकास संस्थानों द्वारा विकसित स्वदेशी प्रौद्योगिकियों का व्यावसायिक रूप से दोहन करना है। सीईएल ने अपने स्वयं के अनुसंधान एवं विकास प्रयासों के माध्यम से कई उत्पाद विकसित किए हैं और सौर फोटोवोल्टिक प्रणालियों, रेलवे के लिए इलेक्ट्रॉनिक गैजेट और अन्य रणनीतिक इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों/घटकों के क्षेत्र में अपनी अग्रणी भूमिका पर जोर देता है।

- कंपनी ने सितंबर माह के दौरान 2117.30 लाख रुपये मूल्य के इलेक्ट्रॉनिक घटक/प्रणालियां/एसपीवी उत्पाद निर्मित किए।
- सितम्बर माह के दौरान 2446.76 लाख रुपये मूल्य के इलेक्ट्रॉनिक घटकों/प्रणालियों/एसपीवी उत्पादों की बिक्री हुई।

**राष्ट्रीय अनुसंधान विकास निगम (एनआरडीसी)**

निगम, अनुसंधान एवं विकास संस्थानों, विश्वविद्यालयों तथा उद्योग के साथ दीर्घकालिक संबंध स्थापित करके प्रौद्योगिकी संसाधन आधार को व्यापक और सुदृढ़ करने पर विशेष बल दिया है।

- निगम ने दो कंपनियों अर्थात् मेसर्स ईस्ट ओसियन बायो प्राइवेट लिमिटेड और मेसर्स क्रिस्परबिट्स प्राइवेट लिमिटेड को जेनेटिक सामग्री को संशोधित करने के लिए इंजीनियर्ड एफएनसीएएस 9 (क्रिस्पर) पर प्रौद्योगिकी का लाइसेंस दिया।
- निगम ने प्रौद्योगिकी लाइसेंसिंग और आईपीआर सहायता प्रदान करने के लिए निम्नलिखित एजेंसियों के साथ संगम ज्ञापन/समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए:
    - ओडिशा लघु एवं मध्यम उद्यम विधानसभा (ओएएसएमई)
    - आवास योजना के लिए बीएसपीएल
    - भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ
    - संत लोंगोवाल इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी
    - स्वच्छ हरित जैव प्रणालियाँ
    - इन्नाउमेशन मेडिकल डिवाइसेज प्राइवेट लिमिटेड
    - एसएमपीएस इलेक्ट्रिक कंट्रोल प्राइवेट लिमिटेड, ओडिशा
- गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग द्वारा आयोजित 13वीं अर्धवार्षिक बैठक एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में एनआरडीसी को वैज्ञानिक पत्रिका "आविष्कार" के लिए शील्ड पुरस्कार प्राप्त हुआ।

- निगम ने माह के दौरान उद्योगों को लाइसेंसिंग ऑफ टेक्नोलॉजी के लिए प्रीमियम के रूप में 40 लाख रुपये एकत्र किया।

*****************